**अपराध** | 20 साल की सजा काट कर जेल से बाहर आए आरोपी ने घटना को दिया अंजाम, गिरफ्तार

# रिश्तेदारी में आए युवक की गोली मारकर हत्या

**नवभारत,दमोह 10 अगस्त।** जिले के देहात थाना क्षेत्र अंतर्गत जबलपुर नाका चौकी के समीप ग्राम बालाकोट जंगल में एक युवक की गोली मारकर हत्या कर दिए जाने का सनसनी खेज घटनाक्रम सामने आया हैं. घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर सीएसपी एचआर पांडे, चौकी प्रभारी प्रशीता कुर्मी और पुलिस टीम ने पहुंचकर जांच पड़ताल शुरू कर दी।

चौकी प्रभारी प्रशीता कुर्मी ने बताया कि शनिवार रात करीब 9 बजे घटना की सूचना मिली थी, जहां तत्काल पहुंचकर शव को सुरक्षित जिला अस्पताल के शव गृह में रखवा दिया गया और अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी गई. बताया गया कि मृतक गुड्डू गौड़ निवासी महुआ सेमरा थाना रहली अपने साथियों के साथ





महेंद्र के रिश्तेदार के यहां ग्राम बालाकोट आया था, तभी उसका विवाद आरोपी से हो गया. आरोपी भुरई उर्फ भूरे लोधी निवासी बालाकोट ने, जो कि 302 के मामले में 20 साल की सजा काटने के उपरांत जेल से बाहर आया था और इस घटना को अंजाम दिया है. घटना की बारीकी से जांच पड़ताल पुलिस द्वारा की जा रही है।

### पुलिस की जांच पड़ताल शुरू

मौके पर एडिशनल एसपी सुजीत सिंह भदोरिया भी चौकी जबलपुर नाका और जिला अस्पताल चौकी पहुंचे और वहां मौजूद पुलिस अधिकारियों से घटना के संबंध में जानकारी ली. इधर जिला अस्पताल में सब इंस्पेक्टर एमएस कोरकू, एएसआई अकरम खान, वैज्ञानिक अधिकारी दीपक ठाकुर और शेखर की मौजूदगी में शव का पंचनामा कर एक्सरे के लिए शव को भेजा गया. एक्सरे उपरांत डॉक्टरों की टीम ने पोस्टमार्टमकिया. इसके बाद पुलिस ने मर्ग और अपराध कायम कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

### 12 बोर की बंदूक से चलाई गोली

सीएसपी एचआर पांडे का कहना है कि यह दो बाइकों पर चार-पांच लड़के ग्राम बालाकोट जंगल पहुंचे थे, जहां विवाद इतना बढ़ा कि 12 बोर की बंदूक से गोली चल गई, जिससे युवक के सिर, हाथ, कमर और भी जगह कारतूस के छर्रे लगने से मौत हो गई. फिलहाल पुलिस ने आरोपी भुरई को गिरफ्तार कर लिया है।



## पहलवानों ने दिखाए शानदार दाव पेंच

▸ **कजलियां पर्व पर इनामी दंगल आयोजित**

**नवभारत,दमोह 10 अगस्त।** हिंडोरिया नगर की ऐतिहासिक धरा पर राजा किशोर सिंह की स्मृति में राजा किशोर सिंह स्मृति न्यास के तत्वावधान में बजरंग अखाड़े की नेतृत्व में दमोह संसदीय क्षेत्र के सांसद राहुल सिंह लोधी की अध्यक्षता में रक्षाबंधन के अगले दिन कजलियां पर्व पर इनामी दंगल का आयोजन किया गया.

इसमें मुख्य अतिथि प्रद्युम्न सिंह लोधी (पूर्व मंत्री व विधायक बड़ा मलहरा) व पिछड़ा वर्ग आंदोलन को विश्व पटल पर लाने वाले एडवोकेट वैभव सिंह लोधी रहे व मंच संचालन एड. महेंद्र कुमार रजक ने किया। रेफरशिप बेरंग अखाड़े के मुकेश चौरसिया व मनोज बहरी पहलवान ने की। दंगल में प्रदेश के दमोह, पन्ना, छतरपुर, टीकमगढ़, बांदा, शाहगंज, माला, मानगढ़, जबलपुर, कटनी, सागर, भोपाल के पहलवानों ने हिंडोरिया पहुंचकर जोर आजमाइश कर शानदार दाव पेंच का प्रदर्शन किया।

### काव्यांश पहलवान जीते

पहली कुश्ती हिंडोरिया के काव्यांश देवेंद्र पहलवान व अरबाज पहलवान गढ़ाकोटा के बीच हुई, जिसमें काव्यांश पहलवान विजयी हुए व बड़ी कुश्तियां में राजकुमार बहरी पहलवान इंडियन आर्मी व शंकर पहलवान राजस्थान कोटा के बीच में हुई. जिसमें राजकुमार बहरी पहलवान विजय हुए।



## विचारों में शांति नहीं है तो कष्ट होगा : विशुद्ध सागर

▸ **विरागोदय तीर्थ क्षेत्र धर्मधाम में चातुर्मास कर रहे पटटाचार्य**

**नवभारत,पथरिया 10 अगस्त।** विरागोदय तीर्थ क्षेत्र धर्मधाम में चातुर्मास कर रहे पटटाचार्य श्री विशुद्ध सागर ने सम्बोधित करते हुए कहा कि, हे मित्र, एक विचारक को विचार रखना चाहिए कि वस्तु तटस्थ हैं कि विचार तटस्थ। विचारो में उतार चढाव है, वस्तु शांत है तो वस्तु आंनदप्रद होती है। विचारो में शांति नहीं है तो जगह-जगह कष्ट ही कष्ट।

ये जीव विचारों विचारो में अपने आपको विचारा कर लेता है और विचारों विचारों में अपने आपको भगवान बना लेता है। इसलिए सभी लोगों को अपना समय शांति से व्यतीत करना चाहिए। जीव का कब अंत हो जाये किसी ने नहीं देखा। समय मिला है कुछ अच्छे काम कर लेना चाहिए। व्यक्ति के जीवन में संस्कार आज से अभी से आएंगे। संस्कार मनुष्य के विचारों की शक्ति को दर्शाता है। यह हमें महान या बुरा बना सकते हैं।

### व्यर्थ की बातों में समय बर्बाद मत करे

हम अक्सर अपना समय व्यर्थ की बातों और कार्यों में बिताते हैं, लेकिन यदि हम अपने समय का उपयोग आत्म- कल्याण सकारात्मक कार्यों में करें, तो हम निश्चित रूप से बेहतर इंसान बन सकते हैं। भगवान हम सर्वाधिक समय व्यर्थ की सोच, व्यर्थ के कार्यों में व्यय करते हैं। यदि हम अपना समय स्वयं के उत्थान, कल्याण में व्यय करें तो निश्चित ही आपका कल्याण होगा।

## सुभाष कॉलोनी में पानी निकासी का काम शुरू

▸ **नाले की जांच के लिए गठित टीम में पांच इंजीनियर होंगे**

**नवभारत,दमोह 10 अगस्त.** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने सुबह 10 बजे सुभाष कॉलोनी में जलभराव क्षेत्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने श्याम नगर के पास अमृत नाला 01, पुलिस भूमि नाला, टाइम्स कॉलेज नाला, करोंद नाला, लाड़नबाग और हाउसिंग बोर्ड विवेकानंद नगर नाला, नटवाली बाबा मंदिर के पास केशव नगर, सिद्धि विनायक कॉलोनी सहित विभिन्न जगहों का निरीक्षण किया। स्थानीय रहवासियों ने अपनी समस्याए कलेक्टर को बताई, जिस पर कलेक्टर ने कहा कि चिंता नहीं करें सर्वे का कार्य जल्द होगा। निरीक्षण के दौरान सीएमओ दमोह राजेन्द्र सिंह लोधी,परियोजना शहरी विकास अधिकारी कपिल खरें, तहसीलदार रोबिन जैन, नायब तहसीलदार आशुतोष गुप्ता सहित नगर पालिका व राजस्व की टीम मौजूद रही।





## आदिवासी समाज बने आत्मनिर्भर : लोधी

▸ **कुम्हारी में विश्व आदिवासी दिवस मनाया गया**

नवभारत,दमोह 10 अगस्त। कुम्हारी चंडी माता ग्राउंड में विश्व आदिवासी दिवस शनिवार को धूमधाम से मनाया गया. इस अवसर पर आदिवासी समाज ने कुम्हारी में रैली निकाली. सभा का आयोजन कर आदिवासियों की परंपरा, संस्कृति, भाषा व एकता को बरकरार रखने का संकल्प लिया गया. पूरे विश्व में जल, जंगल और जमीन के रक्षक धरती ओर बिरसा मुंडा को याद किया जाता है.

मुख्य अतिथि दृगपाल सिंह लोधी ने आदिवासी समाज को आत्मनिर्भर बनने पर बल दिया. सुजात खान ने विस्तार से विश्व आदिवासी दिवस के महत्व को बताया और बिरसा मुंडा के बताए रास्ते पर चलने का आह्वान किया. विजय पटेल ने कहा कि जब तक आदिवासी समाज एकजुट नहीं होगा, अधिकार पाना कठिन है.

### इनकी रही उपस्थिति

कार्यक्रम में मनी गोंड,नीरज लोधी,समेत अनेंक वक्ताओं ने विचार रखे.इस मौके पर छोटे लाल गोंड, गोविंद गोंड, मनी गोंड, एड. नरेंद्र प्रताप सिंह, हेमराज नेताम, देवकीनंदन लोधी, चंदन सिंह लोधी सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

### एक नजर में



### बांदकपुर के दामाद मोहल्ला में जल भराव

**नवभारत,दमोह 10 अगस्त।** ग्राम पंचायत बांदकपुर के दामाद मोहल्ला में जल भराव की स्थिति से कलेक्टर से आग्रह कर कहा कि इस स्था स्थिति का निवारण करें, केवल 1 घंटे की बारिश में यहां इतना जल भराव हो जाता है, जिससे परेशानी होती है.

### शांति समिति की बैठक कल

**नवभारत,दमोह 10 अगस्त।** कलेक्टर व जिला मजिस्ट्रेट सुधीर कुमार कोचर ने बताया आगामी पर्व गणेश उत्सव, पर्युषण पर्व, मिलाद-उन-नबी एवं पितृपक्ष पर कानून व्यवस्था के संबंध में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक 12 अगस्त मंगलवार को शाम 5 बजे जिलाध्यक्ष कार्यालय (कलेक्ट्रेट) के सभाकक्ष में आयोजित की जा रही हैं।



### हर्षोल्लास के साथ मनाया रक्षाबंधन पर्व

**नवभारत,दमोह 10 अगस्त।** जबेरा जनपद क्षेत्र के आदिवासी टोला झादा सुरेखा देवतारा में रक्षाबंधन के अवसर पर 56 जबेरा पूर्व प्रत्याशी युवा समाजसेवी विनोद राय,निस्वार्थ सामाजिक संगठन प्रमुख सचिन मोदी, महेंद्र यादव द्वारा गांव में पहुंचकर प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी पहुंच कर हर्ष उल्लास के साथ रक्षाबंधन पर्व मनाया. सभी गांव की बहनों ने सभी की कलाई पर राखी बांधी और सभी के लिए विनोद राय द्वारा उपहार दिए गए और संकल्प लिया की आप लोग कभी भी मुझे फोन लगाकर अपनी समस्या बता सकते हैं.

### पूजा ने कथक में बी ग्रेड हासिल किया

**नवभारत,दमोह 10 अगस्त।** पूजा रायकवार का दमोह से दूरदर्शन केंद्र भोपाल द्वारा आयोजित शास्त्रीय नृत्य परीक्षण चयन समिति द्वारा किया गया. इसमें आरक्षक सौरभ रैकवार की बहन पूजा को विद्या कथक में बी ग्रेड हासिल हुआ है. इससे पहले खजुराहो महोत्सव में गिनीज रिकॉर्ड में भी अपना नाम दर्ज किया है. उन्होंने अन्य राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कथक का प्रदर्शन किया है.

## प्रतिमा चोरी के मामले में तीन संदिग्ध गिरफ्तार

**नवभारत,दमोह 10 अगस्त।** बांदकपुर के सड़िया गांव में चोरी गई भैरव बाबा की प्रतिमा मिट्टी में दबी मिलने से क्षेत्रवासियों आक्रोश कम हुआ और क्षेत्रवासियों ने कहा कि गड़े धन की लालच में तीन व्यक्तियों को संदिग्ध परिस्थितियों में अभिरक्षा में लिया है, जिनसे एसडीओपी पथरिया प्रिया सिंघी, चौकी प्रभारी एएसआई राजेंद्र मिश्रा पूछताछ कर रहे. चौकी प्रभारी राजेंद्र मिश्रा ने बताया कि बब्लेश, चंदन और एक जेसीबी चालक को अभिरक्षा में लिया है, जिनसे पूछताछ की जा रही है.

## सिलाई प्रशिक्षण केन्द्र का शुभारंभ



**नवभारत,दमोह 10 अगस्त।** महाकौशल प्रांत जिला दमोह के जिला स्वावलंबन केंद में एक और विकल्प सिलाई प्रशिक्षण का शुभारंभ किया। जिसमें सिलाई का नि:शुल्क प्रशिक्षण का शुभारंभ हेमलता सेन द्वारा रोजगार तलाश रही युवतियां, विधवा महिलाओं को सहारा देने, अन्य रोजगार तलाश रही महिलाओं को भी नि:शुल्क प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस अवसर पर प्रांत के डॉ. मोनिका पालीवाल, नगर महिला कार्य प्रमुख कंचन असाटी, सिलाई प्रशिक्षक हेमलता सेन, भारती सेन, नीतू पाठक की उपस्थिति रही।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत

**नवभारत,दमोह 10 अगस्त।** जिले के नोहटा थाना क्षेत्र अंतर्गत मुड़न नाला के पास बाइक सवार छोटू सिंह निवासी बड़गुआ की अज्ञात वाहन से टक्कर होने पर मौत हो जाने का मामला सामने आया है, जहां नोहटा थाने से प्रधान आरक्षक दीपक ठाकुर ने पहुंचकर शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम कार्रवाई की.

एक अन्य सड़क दुर्घटना में एक और व्यक्ति की देहात थाना के राजनगर के समीप मौत हो जाने पर पुलिस जांच में जुटी हुई है. प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक संतु सिंह निवासी इमलिया नायक, नोहटा की मौत हो जाने पर चौकी जबलपुर नाका चौकी से एएसआई अभय सिंह ने पहुंचकर शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम कराया.



### करंट लगने से मौत

मौसी के यहां सकौर गए युवक को करंट लगने से मौत हो गई. बताया गया कि 27 वर्षीय रामकुमार सेन निवासी मडियादो की मौत हो जाने पर पुलिस जांच में जुटी हुई है।

### सर्पदंश से मासूम की मौत

सर्पदंश से ढाई वर्षीय मासूम मानवी लोधी निवासी भूरी बिजौरी थाना दमोह देहात की मौत हो जाने पर पुलिस जांच में जुटी हुई है. वहीं जानकी पति पप्पू अहिरवार उम्र 60 थाना गढ़ाकोटा सागर की सर्पदंश से मौत होने पर दोनों शव को जिला अस्पताल के शव गृह में रखवाया गया है।

**कार्यक्रम** | राज्यमंत्री के जन्मदिन पर 1100 पौधों का किया रोपण, बटियागढ़ में विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल हुए

# सरकार के प्रयास से विकास और निर्माण की गंगा बह रही : पटेल

नवभारत,बटियागढ़ 10 अगस्त। राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार लखन पटेल ने जिले की तहसील बटियागढ़ के हरसिद्धि मंदिर के पीछे की तरफ लगभग 1100 पौधों का पौधा रोपण किया।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि क्षेत्र के विकास में हम नित्य नए आयाम तय करें और उसे पूरा करने का भी काम करें। आज से अगर हम 20-25 साल पहले की स्थिति को देखने का प्रयास करते हैं तो ऐसा लगता है कि हम आज कहां आ गए हैं। हम आज जहां खड़े हैं, जो विकास और निर्माण की गंगा बही है, उसमें बहुत बड़ा योगदान सरकार का है। उन्होंने कहा मैं कभी अपना जन्मदिन मनाता नहीं हूं, यह कार्यक्रम यहां पर रखा उसके लिए सभी का बहुत-बहुत धन्यवाद।

### तिरंगा यात्रा में हुए शामिल

इसके पूर्व राज्यमंत्री श्री पटैल ने डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यापर्ण कर तिरंगा यात्रा में शामिल हुये। कार्यक्रम में पं. नरेन्द्र व्यास, कपिल शुक्ला,



जनपद अध्यक्ष हटा गंगाराम पटैल, जिला पंचायत उपाध्यक्ष प्रतिनिधि धर्मेन्द्र कटारे, संगीता श्रीधर, अरविंद पटैल, शिवचरण पटैल, मुरारी पटैल, रूपकिशोर उदैनिया, एम.एच.क्लब के अध्यक्ष आनंद त्रिवेदी, जितेन्द्र सिंह ठाकुर, क्लब के सदस्यगण और पदाधिकारी तथा बड़ी संख्या में ग्रामीणजन मौजूद थे।

### ब्लड कैंप लगाया गया

बटियागढ़ के हरसिद्धि मंदिर कैम्प में ब्लॉड डोनेशन केम्प का आयोजन हुआ जहां पर 15 लोगों ने रक्तदान किया। राज्यमंत्री लखन पटेल ने रक्तदान वाहन पर पहुंचकर रक्तदान कर रहे लोगों की हौसला आफ्जाई की। रक्तदान राज्यमंत्री श्री पटैल के सुपुत्र लोकेन्द्र पटैल ने सर्वप्रथम रक्तदान किया। इस अवसर पर आयोजित स्वास्थ्य शिविर में 50 से अधिक लोगों ने अपना स्वास्थ्य परीक्षण कराया।

### प्रतिभाओं का किया गया सम्मान

इस अवसर पर शिक्षा के क्षेत्र में नाम रोशन करने वाले छात्रों के साथ ही युवाओं जिनका चयन सिविल जज, सीईओ जनपद, सहायक प्राध्यापक सभी के परिजन भी मौजूद थे का सम्मान किया गया। अन्य क्षेत्रों में नाम रोशन करने वालों में राष्ट्रपति पुरूस्कार प्राप्त शिक्षक माधव पटैल, संस्कृति के क्षेत्र में कामेडी किंग विश्वनाथ पटैल सहित अन्य लोंगों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम का संचालन माधव पटेल व आभार प्रदर्शन अध्यक्ष एमएच क्लब आनंद त्रिवेदी ने व्यक्त किया।

### मोटर साईकिल चालकों को दिए हेलमेट

विश्व आदिवासी दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश के पशुपालन व डेयरी विभाग राजमंत्री स्वतंत्र प्रभार लखन पटैल ने कहा कि हमारी सरकार ने टंट्या मामा के नाम पर विश्वविद्यालय खोला गया है, जो शिक्षा के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण कदम है। अपने बच्चों को पढ़ने के लिए यहां भेजे क्योंकि पढ़ाई एक ऐसी व्यवस्था है, जो लोग पढ़ लिखकर आगे चले जाते हैं, वह निश्चित रूप से अपना उत्थान करते हैं। कार्यक्रम में आदिवासी समाज के पदाधिकारियों ने राज्यमंत्री का पगड़ी पहनाकर तथा भगवान विरसामुण्डा का चित्र भेंट कर स्वागत सम्मान किया। कार्यक्रम में राज्यमंत्री मोटर साईकिल चालकों को हेलमेंट पहनायें और मोटरसाईकिल चलाते समय यातायात नियमों का पालन करने की बात कही।

